## न्यूज डायरी





### भारतीय सीमा पर गांव बना रहा ड्रैगन, डी राजा ने की चीन की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के आदेश पर ड्रैगन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक भारत को आंखें दिखा रही है। यही नहीं सैटलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश से सटे इलाके में अपने गांव बना रहा है। चीन के हजारों की तादाद में सैनिक और घातक जंगी हथियार भारतीय सीमा पर तैनात हैं। चीन के साथ बेहद तनावपूर्ण हालात के बीच भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की तारीफ करते हुए उसकी उपलब्धियों को प्रेरणादायक करार दिया है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की 19वीं केंद्रीय समिति का छठा पूर्ण अधिवेशन अब राजधानी बीजिंग में आयोजित हो रहा है। इसमें प्रमुख रूप से कम्युनिस्ट पार्टी के सौ वर्षों के संघर्ष की प्रमुख उपलब्धियों और ऐतिहासिक अनुभव का अध्ययन किया जाता है।

### आतंकी समूहों के आगे पाकिस्तान का आत्मसमर्पण वैश्विक चिंता का कारण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान सरकार का हाल ही में दो इस्लामी समूहों, तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और तहरीक–ए–लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के साथ बातचीत जल्द ही वैश्विक चिंता का कारण बन जाएगी। विश्लेषकों का कहना है कि इमरान सरकार में स्पष्ट नीति का अभाव, बढ़ता रणनीतिक भ्रम और भगदड़ के हालात बने हुए हैं। इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान ने टीटीपी के साथ शुक्रवार को अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा की। आधिकारिक रिकार्ड के अनुसार पाकिस्तान में पिछले एक दशक में टीटीपी द्वारा की गई हिंसा में 70,000 लोग हताहत हुए हैं। टीटीपी पड़ोसी देश अफगानिस्तान में कबायली सीमावर्ती इलाकों से काम कर रहा है। यही नहीं, इमरान खान सरकार ने टीएलपी पर लगे प्रतिबंध को भी हटा लिया है।

### नेपाल में हो रहा चीनी निवेश का विरोध, नेपाली हितों का नुकसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। एक समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि नेपाल में चीनी निवेश को स्थानीय आबादी के प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वहां कई लोग बुनियादी ढांचे में नेपाली हितों को नुकसान पहुंचते देख रहे हैं और कहा जा रहा है कि इससे केवल चीन को फायदा पहुंच रहा है। द सिंगापुर पोस्ट के अनुसार, नेपाल के दारचुला जिले में चीन द्वारा निर्मित चमेलिया जलविद्युत परियोजना के सामने चुनौतियां आ रही हैं। इस कारण इस परियोजना के पूरा होने में देरी हो रही है, जिससे इसकी लागत अधिक बढ़ गई है। चीन द्वारा निर्मित 30 मेगावाट की चमेलिया जलविद्युत परियोजना, अब तक की सबसे महंगी परियोजनाओं में से एक है। द सिंगापुर पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि रन–ऑफ–द–रिवर परियोजना 2010 में शुरू किया गया था और तीन साल के लक्ष्य के मुकाबले इसे पूरा करने में 10 साल लग गए।

### रूस के कामचटका में भूकंप, रिक्टर स्केल पर 5.2 रही तीव्रता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पास 5.2 तीव्रता के साथ भूंकप के झटके महसूस किए गए। रूसी एकेडमी ऑफ साइंसेज के भूगर्भीय सर्वेक्षण की क्षेत्रीय शाखा ने इसकी जानकारी दी। भूकंप का केंद्र 40 किलोमीटर (24.8 मील) की गहराई पर स्थित था, 175 किलोमीटर पेट्रोपावलोव्स्क–कामचात्स्की शहर पर ये झटके महसूस किए गए। भूकंप के कारण होने वाली किसी भी क्षति या पीड़ितों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। कोई सुनामी चेतावनी घोषित नहीं की गई है। कामचटका एक भूकंपीय सक्रिय क्षेत्र में स्थित है जिसे रिंग आफ फायर के के रूप में जाना जाता है, जहां पर नियमित रूप से भूकंप आते रहते हैं। प्रायद्वीप का पूर्वी तट तीन टेक्टोनिक प्लेटों – ओकॉट्स्क, प्रशांत और उत्तरी अमेरिकी लोगों की सीमा के साथ स्थित है। बता दें कि बीते दिन जापान में भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए थे।

# फ्रांस में कोरोना की पांचवीं लहर शुरू, जर्मनी में हालात बिगड़े

## स्वास्थ्य मंत्री ने दी गंभीर चेतावनी, जर्मनी में भी रेकॉर्ड केस

**चेतावनी**

ताजा लहर में कोरोना वायरस का संक्रमण बहुत तेजी से हो रहा है: स्वास्थ्य मंत्री



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेरिस। फ्रांस में कोरोना वायरस की पांचवीं लहर शुरू हो गई है और देश के स्वास्थ्य मंत्री ने चेतावनी दी है। स्वास्थ्य मंत्री ओलिवर वेरन ने कहा कि इस ताजा लहर में कोरोना वायरस का संक्रमण बहुत तेजी से हो रहा है। फ्रांसीसी मंत्री के इस ऐलान से उन उम्मीदों को गहरा झटका लगा है जिसमें कहा जा रहा था कि कोरोना अब खात्मे की ओर है। उधर, जर्मनी में भी कोरोना बहुत तेजी से बढ़ रहा है और पिछले 24 घंटे में 50 हजार नए मामले सामने आए हैं।

ओलिवर ने कहा कि कई पड़ोसी देशों में कोरोना की पांचवीं लहर फैल गई है लेकिन हम जो अनुभव कर रहे हैं, वह स्पष्ट रूप से पांचवीं लहर की शुरुआत है। इससे पहले फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना के 11,883 नए मामले दर्ज किए थे। लगातार दो दिन से फ्रांस में कोरोना के मामले 10 हजार को पार कर गए हैं। इससे पहले फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कोरोना पर चेतावनी देते हुए कहा था कि 65 साल और उसके ऊपर के बुजुर्गों को रेस्त्रां में जाने से पहले कोरोना के बूस्टर डोज का प्रमाण दिखाना होगा।

**दुनियाभर में कोरोना वायरस के मामले 25.13 करोड़:** यह व्यवस्था 15 दिसंबर से लागू होने जा रही है। इस बीच कोरोना वायरस के वैश्विक मामले बढ़कर 25.13 करोड़ हो गए है। इस महामारी से अब तक कुल 50.7 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 7.34 अरब से ज्यादा लोगों का वैक्सीनेशन हुआ है।

ये आंकड़े जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी ने साझा किए हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान वैश्विक मामले, मरने वालों और टीकाकरण की कुल संख्या क्रमशः 251,348,332, 5,071,757 और 7,347,735,847 हो गई है।

सीएसएसई के अनुसार, दुनिया के सबसे ज्यादा मामलों और मौतों 46,784,642 और 758,843 के साथ अमेरिका सबसे ज्यादा प्रभावित देश बना हुआ है। कोरोना संक्रमण के मामले में भारत 34,388,579 मामलों के साथ दूसरे और ब्राजील 21,909,298 संक्रमणों के साथ तीसरे स्थान पर है। सीएसएसई के अनुसार, 30 लाख से ज्यादा मामलों वाले अन्य सबसे प्रभावित देश यूके (9,451,767), रूस (8,764,713), तुर्की (8,317,394), फ्रांस (7,346,277), ईरान (6,012,408), अर्जेंटीना (5,300,985), स्पेन (5,038,517), कोलंबिया (5,021,619), इटली (4,826,738), जर्मनी (4,875,843), इंडोनेशिया (4,249,323), मैक्सिको (3,831,259), यूक्रेन (3,277,772) और पोलैंड (3,143,725) हैं।

## भारत–रूस दोस्ती होगी और मजबूत, अगले महीने आ रहे पुतिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अगले महीने की 6 तारीख को भारत आ सकते हैं। पुतिन के भारत दौरे की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह इस साल रूसी राष्ट्रपति का दूसरा विदेश दौरा होगा।

कोरोना वायरस के खतरे के कारण पुतिन विदेश यात्रा से परहेज कर रहे हैं। अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान पुतिन और पीएम मोदी मुलाकात करेंगे और कई अहम रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर हो सकता है। इससे पहले पुतिन ने साल 2018 में भारत की यात्रा की थी। पुतिन का यह दौरा ऐसे समय पर हो रहा है कि जब भारत को इस साल के आखिर तक एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम मिलने जा रहा है। भारत ने अमेरिकी प्रतिबंधों के खतरे के बाद भी साफ कर दिया है कि वह रूस से एस–400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम लेगा। इस साल यह पुतिन की दूसरी विदेश यात्रा है। इससे पहले वह जिनेवा में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलने के लिए गए थे।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान कई बार पुतिन को बुला चुके हैं लेकिन अभी तक रूसी राष्ट्रपति ने अरमानों पर पानी ही फेरा है।



बेशकीमती हीरे जड़े कंगन 61 करोड़ रुपए में बिके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जिनेवा। फ्रांसीसी राजा लुई 16वें की प्रसिद्ध पत्नी मैरी एंटोनेट के कंगन की एक जोड़ी नीलामी में 7.46 मिलियन स्विस फ्रैंक्स (8.34 मिलियन डॉलर) में बिकी। इन कंगनों पर बेशकीमती हीरे जड़े हुए हैं। ये फ्रांसीसी शाही परिवार के गहनों के दुर्लभ अवशेषों में से एक हैं। जिनेवा में क्रिस्टी की नीलामी में इन कंगनों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। इसमें 112 हीरे लगे हुए हैं और प्रत्येक हीरे का वजन 97 ग्राम (3.4 औंस) है। इसके अलावा इसमें चांदी और सोना भी लगा हुआ है। ये कंगन दो से चार मिलियन स्विस फ्रैंक्स के पूर्व–बिक्री अनुमान से कहीं अधिक कीमत पर बिके। अंतिम कीमत में टैक्स और दूसरे शुल्क भी शामिल थे।

# ताइवान पर हमला हुआ तो सहयोगियों संग करेंगे कार्रवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। ताइवान को लेकर अमेरिका ने चीन को सख्त चेतावनी दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अगर चीन ताइवान पर यथास्थिति को बदलने के लिए बल का उपयोग करता है तो संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। ब्लिंकन की टिप्पणी बाइडन और चीनी नेता शी जिनपिंग के बीच एक नियोजित आभासी बैठक से पहले आई है।

न्यूयार्क टाइम्स द्वारा आयोजित एक मंच पर ब्लिंकन से पूछा गया था कि क्या चीन द्वारा हमले की स्थिति में संयुक्त

**चीनी सेना ने ताइवान राष्ट्र के पास सैन्य अभ्यास शुरू किया**

राज्य अमेरिका ताइवान की रक्षा के लिए कदम उठाएगा। इसपर उन्होंने अमेरिकी बयानों को दोहराते हुए कहा कि वाशिंगटन की भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि ताइवान के पास खुद की रक्षा करने के साधन हों, जैसा कि अमेरिकी कानून के तहत आवश्यक है।

ब्लिंकन ने कहा कि ताइवान में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए हम अकेले नहीं हैं। क्षेत्र और उसके बाहर कई देश हैं, जो ताइवान पर किसी भी तरह की एकतरफा कार्रवाई को बरदास्त नहीं करेंगे और शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। हालांकि, ब्लिंकन ने यह नहीं बताया कि वह किस तरह की कार्रवाई का जिक्र कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले महीने यह कहकर सबको चौका दिया था कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो संयुक्त राज्य अमेरिका उसके बचाव में आएगा। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका हमला होने की स्थिति में कैसी प्रतिक्रिया देगा, लेकिन व्हाइट हाउस ने बयान के तुरंत बाद कहा था कि बाइडन अपनी नीति में बदलाव का संकेत नहीं दे रहे थे। यही नहीं कुछ विश्लेषकों ने उनकी टिप्पणियों को गलती बताते हुए खारिज कर दिया था।

## अफ्रीकी देश जांबिया की खुली किस्मत खदान से मिला 7,525 कैरेट का पन्ना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लुसाका। अफ्रीका की धरती ने एकबार फिर से अनमोल खजाना उगला है। जाम्बिया में खनन कंपनी जेमफील्ड के हाथ 7,525 कैरेट या 1,505ह का पन्ना लगा है। यह कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा पन्ना है जिसे कागेम खदान से निकाला गया है। कंपनी ने बताया कि इस पन्ना को 13 जुलाई को खदान से निकाला गया था और इसका ऐलान अब किया गया है। यह पन्ना जिस इलाके में पाया गया है, वहां बड़े पैमाने पर कॉपर पाया जाता है। इसकी विशालता को देखते हुए स्थानीय भाषा में इस रत्न का गैंडा नाम दिया गया है। इस रत्न की खोज भूविज्ञानी मानस बनर्जी और रिचर्ड कापेटा ने की है। आमतौर पर 1000 कैरेट से ज्यादा के रत्न मिलना दुर्लभ होता है। अब तक बहुत कम ही लोग 1000 कैरेट के ऊपर के रत्न तलाश पाए हैं। इससे पहले कागेम खदान से इसी तरह की खोज पहले भी हो चुकी है। यह रत्न शीशे की तरह से दिख रहा है और इसका रंग हरा है।